लोकसभा अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 25 जनवरी 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा, "72 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियो को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आज का दिन स्वतंत्रता संग्राम के महान नेताओं को याद करने का दिन है जिन के प्रयासों से पहले देश को आजादी मिली और फिर 26 जनवरी 1950 को देश का सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य के रूप में पुनः उद्भव हुआ।

पिछले 70 वर्षों के दौरान जिस एकता और समरसता की भावना से देश ने निरंतर प्रगति की है, उसमे हमारे संविधान का सबसे बड़ा योगदान है। हमारा संविधान 7 दशकों के बाद भी समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है और आज भी करोड़ों भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति करने का सशक्त माध्यम है। हमारा संविधान भारतीय सभ्यता और संस्कृति का वह जीवंत दस्तावेज है जो न्याय की स्थापना करता है और सबके कल्याण का मार्ग दिखाता है।

इन 70 वर्षों में हमारा गणतंत्र परिपक्व हुआ है। हमने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में बहुत प्रगति की है। परन्तु हमारा लक्ष्य लोकतान्त्रिक मूल्यों पर चलते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण है। यह तभी हो सकता है जब देश का हर नागरिक संविधान को पढ़े और समझे, अपने संवैधानिक अधिकारों के साथ संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन को भी प्रतिबद्ध हो।

आईये, आज हम सब प्रण करें कि संवैधानिक और लोकतान्त्रिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण के इस पुनीत यज्ञ में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को कृतसंकल्पित रहेंगे।"